हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 17 मई 2024

06 एसडीएम भू-अर्जन और भुगतान में आ रही ...

07 अमृत योजना के तहत बनने वाली टंकी का नहीं हुआ...







### मां बगलामुखी के प्राकट्य दिवस व नगर गौरव दिवस पर नगर में निकाली शोभायात्रा

# भगवान श्रीरामलला की झांकी रही आकर्षण का केंद्र





नगर में स्थित मां बगलामुखी का प्राकट्य दिवस प्रतिवर्ष भव्य रूप लेता जा रहा है। विगत 3 वर्षों से इस दिवस को नगर गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। बुधवार को माता रानी का प्राकट्य दिवस हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें मां बगलामुखी को सुज्जजित रथ में विराजित किया गया था। शोभायात्रा में अयोध्या में भगवान रामलला की प्रतिमा के स्वरूप को दर्शाते हुए कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुति नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में कई अन्य आकर्षण के केंद्र भी शामिल थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭नलखेड़ा

बुधवार को नगर में निकाली गई शोभायात्रा को निहारने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी ग्रामवासी प्रमुख मार्गों पर जमा थे। मां बगलामुखी के प्राकट्य दिवस पर प्रातः माता के अभिषेक के उपरांत दोपहर 12 बजे मां बगालामुखी मंदिर पर माता रानी के समक्ष 56 भोग लगाकर महाआरती की गई। इस अवसर पर बाबा रामदेव धाम टीकोन के गुरुदेव शिवनारायण पाटीदार सहित हजारों की संख्या में भक्त गण उपस्थित थे।

माता के नौ रूपों में से एक बगालामुखी स्वरूप भी है जिसका प्रकटोत्सव वैशाख शुक्ल अष्टमी को मनाया जाता है। विगत दो वर्ष से इस दिवस को नगर गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय प्रशासनिक स्तर पर लिया गया था। इस वर्ष मां बगलामुखी मंदिर पर माता के अवतरण दिवस एवं नगर गौरव दिवस पर कई धार्मिक आयोजन हुए। सायंकाल 4 बजे किला मैदान स्थित सांवरिया नाथ मंदिर से मां बगलामुखी की भव्याति-भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सुज्जजित रथ में माता रानी को विराजित किया गया था। स्थान-स्थान पर नागरिकों ने माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभायात्रा में टिकोन धान स्तिथ श्री रामदेव धाम के गुरुदेव शिवनारायण पाटीदार के साथ क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर, क्षेत्रीय विधायक भेरूसिंह परिहार बापू, नगर परिषद अध्यक्ष अंतिम विजय सोनी, एसडीएम मिलिंद ढोके, तहसीलदार प्रीति भिंसे, थाना प्रभारी शशि उपाध्याय के साथ अन्य प्रशानिक व पुलिस अधिकारी, राजनीतिक पार्टी के जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी शामिल थे।





## रामलला की प्रतिमा का स्वरूप धारण कलाकार ने झांकी में प्रस्तुति दी

मां बगलामुखी की इस शोभायात्रा में इंदौर के कलाकारों द्वारा अयोध्या में विराजित की गई भगवान रामलला की प्रतिमा का स्वरूप धारण कर एक कलाकार ने झांकी में प्रस्तुति दी गई। वहीं मां चामुंडेश्वरी का स्वरूप धारण कर, राधा कृष्ण के स्वरूप में, साथ ही अन्य धार्मिक भजनों पर कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई, जो की नगरवासियों का ध्यान बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। शोभायात्रा में कॉमेडियन जूनियर अमिताभ बच्चन, गोपाल दादा, राजू, संजीव तथा उनकी टीम नागरिकों का मनोरंजन करते हुए चल रहे थे वहीं युवाओं द्वारा उनके साथ सेल्फी भी ली गई। नगर के कई स्थानों पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक तथा राजनीतिक संगठनों द्वारा मंच के माध्यम से व नगरवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

## प्रशिक्षु पटवारियों को पर्सनल फाइनेंस के संबंध में जानकारी दी



**आगर-मालवा।** एलडीएम दिलीप सिंह द्वारा अपनी बैंकिंग टीम के साथ गुरुवार को पटवारी प्रशिक्षण शाला सीएम राइज स्कूल आगर में प्रशिक्षु पटवारियों की क्लास में उपस्थित होकर पर्सनल फाइनेंस के संबंध में प्रशिक्षित किया।

# ‘मिट्टी जांच कर संतुलित उर्वरकों का खेती में करें उपयोग’

**आगर-मालवा।** कृषि विज्ञान केंद्र एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला के संयुक्त तत्वावधान में मृदा परीक्षण जागरुकता अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आगर के ग्राम पालखेड़ी में मृदा परीक्षण पर आधारित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम डॉ. आरपीएस शक्तावत वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र आगर ने कृषकों को मिट्टी नमूना लेते समय क्या-क्या सावधानियां रखनी चाहिये के बारे में बताया। जिसके बाद प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र, आगर डॉ. एके दीक्षित ने मिट्टी नमूना किस प्रकार से लिया जाए जो भी किसान खरीफ फसल की तैयारी कर रहे हैं तो वे जरूर अपनी मिट्टी की जांच करा लें जिससे की मिट्टी में कौन-कौन से पोषक कितनी मात्रा में है तथा किन-किन तत्वों की कमी है पता चल जाएगा।





उपसंचालक कृषि विजय चौरसिया ने उपस्थित कृषकों को जानकारी देते हुए बताया कि मिट्टी परीक्षण कराना जरूरी है इससे आपके खेत की सही रिर्पोट मिलेगी की कौन सा पौषक तत्व कम या ज्यादा है। आप सही मात्रा में उसी पौषक तत्व को डालकर अधिक से अधिक पैदावार ले पाएंगे। गर्मी में खेत खाली होते ही मिट्टी की जांच अवश्य कराएं। बेहतर फसल उत्पादन के लिए मिट्टी परीक्षण कराना आवश्यक है। जिले के कृषक समय समय पर मिट्टी का परीक्षण कर पोषक तत्वों के स्तर की जांच कर कृषि वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में संतुलित मात्रा में खाद का उपयोग करें। जिस प्रकार से आप आयुष्मान कार्ड की उपयोगिता है उसी प्रकार मृदा स्वास्थ्य कार्ड की भी है। इसे आप उसी प्रकार संभाल कर रखें। उसके अनुशंसित मात्रा के अनुसार उर्वरकों का उपयोग करें। मिट्टी परीक्षण करवाने के लिए किसान अपने क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी से सम्पर्क कर मिट्टी परीक्षण करवाएं। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में प्रमुख वैज्ञानिक डॉ दीक्षित ने किसान के खेत पर जाकर मिट्टी नमूना कैसे लिया जाता है उसे प्रत्यक्ष में बताया। कार्यक्रम में आसपास के ग्राम के मुख्य रूप से 40-50 कृषक, महिला कृषक एवं विकासखंड आगर के समस्त अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पेयजल व्यवस्था की समीक्षा बैठक आज

**आगर-मालवा।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा बैठक 17 मई को सायं 4:30 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित होगी। बैठक में सभी सीईओ, सीएमओ एवं संबंधित अधिकारी नियत समय पर उपस्थित रहें।

### आपदा प्रबंधन समिति की बैठक 20 मई को

**आगर-मालवा।** आगामी वर्षाकाल में बाढ़ एवं अतिवर्षा से निपटने के लिए जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की बैठक 20 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक उपरान्त आयोजित होगी। सभी संबंधित विभागों के अधिकारी बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

### पहले दिन 50 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे, व्यवस्था के लिए पुलिस बल की ड्यूटी लगाई

# कुबेरेश्वरधाम पर रुद्राक्ष वितरण का श्रीगणेश



हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार की सुबह से ही रुद्राक्ष वितरण श्रीगणेश हो गया है। सुबह 10 बजे से यहां पर रुद्राक्ष वितरण होना था, उससे पहले ही लोग पहुंच गए। एक दिन पूर्व ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पर रुद्राक्ष लेने के लिए पहुंचे। अब जैसे-जैसे जानकारी लगेगी श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़त देखने को मिलेगी। रुद्राक्ष लेने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी न हो इसलिए यहां पर 9 अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं।

रुद्राक्ष वितरण का श्रीगणेश होने के बाद से ही रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड सहित अन्य स्थानों पर श्रद्धालुओं का तांता लगने लगा है। सुबह से देर शाम तक करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे, पहले दिन करीब 40 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष प्रदान किए गए। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने शुरूआत की थी। इस मौके पर विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा सहित अन्य थे।

यहां पर रुद्राक्ष वितरण शांति पूर्वक हो तथा अन्य व्यवस्थाएं ठीक से हों इसके लिए पुलिस बल की ड्यूटी लगाई है। कुबेरेश्वर धाम पर पर्याप्त पार्किंग के लिए स्थान, वाहनों के आवागमन, बैरिकेटिंग, आने वाले श्रद्धालुओं की बैठक व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था के अलावा पेयजल, शौचालय सहित अन्य समुचित व्यवस्था की गई है। बता दें कि सुबह 10 बजे से कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष वितरण का कार्यक्रम चालू किया गया है एवं शाम के 5 बजे तक निःशुल्क रुद्राक्ष वितरण किए जाएंगे। समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कानून व शांति व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं के लिए पुलिस बल की ड्यूटी लगाई है। कुबेरेश्वरधाम पर पर्याप्त पार्किंग के लिए स्थान, वाहनों के आवागमन, बैरिकेटिंग, आने वाले श्रद्धालुओं की बैठक व्यवस्था, पेयजल, शौचालय सहित अन्य समुचित व्यवस्था की गई है। रुद्राक्ष वितरण में श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत नहीं हो इसके लिए एक-एक हजार फीट की नौ लाइनों के अलावा नौ काउंटरों का निर्माण किया गया है। इन काउंटरों से रुद्राक्ष क्रम अनुसार श्रद्धालुओं को बांटे जा रहे है। आठ काउंटर सामान्य श्रद्धालु के अलावा एक काउंटर से विशेष रूप से दिव्यांग लोगों के लिए बनाया गया है. इससे आसानी से श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष मिल सके।

#### श्रद्धालुओं के लिए किए गए हैं ये इंतजाम

रुद्राक्ष वितरण के व्यवस्थापक समीर शुक्ला ने बताया कि इन काउंटरों पर दो दर्जन से अधिक सेवादारों को लगाया गया है, इसके अलावा यहां पर धूप और बारिश से बचने के लिए टीन शेड आदि की व्यवस्था की गई है. नौ लाइनों में आठ-नौ से अधिक श्रद्धालुओं को क्रम अनुसार रुद्राक्ष वितरण किया जाएगा.सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक प्रतिदिन अभिमंत्रित रुद्राक्षों का वितरण निशुल्क किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए समिति के द्वारा निशुल्क भोजन प्रसादी के अलावा दोपहर में शीतल पेय का वितरण किया जा रहा है। करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने रुद्राक्ष के साथ प्रसादी ग्रहण की।

### रेत खदान घाटाखेड़ी के लिए लोक सुनवाई 24 जून को

**आगर-मालवा।** मेसर्स द एमपी माइनिंग कार्पोरेशन लिमिटेड को स्वीकृत 1 रेत खदान ग्राम घाटाखेड़ी तहसील सुसनेर के लिए पर्यावरण स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई कराई जाना प्रस्तावित है। पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना के प्रावधानों अनुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुसनेर-नलखेड़ा की अध्यक्षता एवं नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि की उपस्थिति में रेत खदान ग्राम घाटाखेड़ी के लिए लोकसुनवाई ग्राम पंचायत भवन माणा में 24 जून को 11 बजे से 12 बजे तक की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### एसडीएम ने पटवारी को किया बर्खास्त

**देवास।** सोनकच्छ क्षेत्र में पदस्थ पटवारी अजय चौधरी को एसडीएम ने बर्खास्त कर दिया है। पदस्थ एक पटवारी ने मुआवजा राशि वितरण करने में लापरवाही बरती थी। इसकी जांच के दौरान वे दोषी पाए गए हैं। इसके बाद ये कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक 8 मई 2023 को तहसीलदार ने एसडीएम को मुआवजा राशि के मामले में प्रतिवेदन सौंपा था। पटवारी को 15 मई 2023 को कारण बताओ नोटिस दिया गया। जिसमें किसानों को बांटी गई 34 लाख 57 हजार 855 की मुआवजा राशि के बारे में पूछा गया था। पत्र का जवाब पटवारी ने संतोषजनक नही दिया गया था। इसके बाद जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। जांच के बाद अधिकारी को नोटिस जारी किया गया। लेकिन पटवारी ने जवाब नहीं दिया। इसके बाद एसडीएम संदीप शिवा ने पटवारी अजय चौधरी को बर्खास्त कर दिया है।

### तीन सड़क हादसों में 3 लोग हुए घायल

**सीहोर।** थाना इछावर के पेट्रोल पम्प के पास नादान रोड इछावर के पास अज्ञात कार के चालक ने अपने वाहन को अनियंत्रित गति से चलाते हुए फरियादी धन सिंह की मोटर सायकल में टक्कर मार दी। जिससे फरियादी को चोटे आई है।

### कलेक्टर गुप्ता की अध्यक्षता में भू-अर्जन के संबंध में बैठक आयोजित

# एसडीएम भू-अर्जन और भुगतान में आ रही कठिनाईयों का निराकरण करें: कलेक्टर

### जिले में चल रही परियोजना की समीक्षा कर शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



भू-अर्जन के संबंध में कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने भू-अर्जन के संबंध में अनुभाग स्तर पर समीक्षा कर निर्देश दिये कि जिले में जहां भी कार्य चल रहा है, वहां से अतिक्रमण हटाकर संबंधित ऐजेंसी को भूमि का कब्जा दिलाए। कलेक्टर गुप्ता ने एसडीएम देवास और एनएच को निर्देश दिये कि क्षिप्रा में ब्रिज पर जो दोनों साईड से ठेले पर लगी दुकानें लगी है, उन्हें हटाकर अन्य स्थान पर शिफ्ट करें।

बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने एनवीडीए, एनएच, डब्ल्यूआरडी, एसडीआरएफ, जल निगम की विभागवार समीक्षा की और भू-अर्जन एवं भुगतान में आ रहीं कठनाईयों का निराकरण करने के लिए संबंधित एसडीएम को निर्देश दिये। श्री गुप्ता ने कहा कि मूंग की फसल कटने के बाद भूमि का अधिग्रहण कर एनएच, डब्ल्यूआरडी, रेलवे और जल निगम को उपलब्ध कराये। सभी एसडीएम शासकीय भूमि और जिन भूमि स्वामियों को भूमि का अवार्ड दे दिया गया है, वहां से अतिक्रमण हटाकर संबंधित विभाग को कब्जा दिलाने की सप्ताह में दो दिन कार्यवाही करें। नर्मदा-क्षिप्रा लिंक परियोजना, इंद्रा सागर परियोजना, पार्वती नदी परियोजना सीहोर, कालीसिंध परियोजना फेस वन और फेस टू, हाटपीपल्या परियोजना, देवास जिले से जा रही रेलवे लाइन के लिए भू-अर्जन एवं अवार्ड के भुगतान, नेशनल हाईवे इन्दौर-हरदा, एमपीआरडीसी उज्जैन और जल निगम नेमावर-कन्नौद-खातेगांव परियोजना की समीक्षा की और शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम देवास बिहारी सिंह, एसडीएम सोनकच्छ संदीप शिवा, एसडीएम टोंकखुर्द कन्हैयालाल तिलवारी, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा, खण्डवा और हरदा के एनएच अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए।

### हिरण के मांस को घर में रखने वाले आरोपी को 3 साल की सजा

**देवास।** हिरण के मांस घर में रखने वाले आरोपी को न्यायालय ने साज की सजा सुनाई है। राजेन्द्र सिंह भदौरिया, प्रभारी उप संचालक/जिला लोक अभियोजन अधिकारी, जिला देवास द्वारा बताया गया कि 13 जून 18 को समय दोपहर 2 बजे थाना कन्नौद के निरीक्षक विश्वदीप सिंह परिहार को मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर वे तस्दीक हेतु मौके पर पुलिस बल के साथ फारूख के घर पहुँचे तो फारूख के घर के फ्रिज की तलाशी लेने पर उसमें मांस भरा पडा मिला। जिसके ऊपर खाल थी, मांस के ऊपर हिरण जैसे जानवर के बाल थे तथा खाल हिरण की थी। उक्त मांस 11 किलो पाया गया। उक्त मांस अवैधानिक होने से आरोपी के विरूद्ध वन्य प्राणी जीव संरक्षण अधिनियम 1972 का अपराध बनने से उक्त मांस तथा हिरण की खाल जप्त की गई और मांस के सेम्पल को जांच हेतु भेजा था। आरोपी फारूख को मौके से गिरफ्तार कर हिरण को काटने वाले चाकू, हसिया, कुल्हाडी को आरोपी से जप्त किया गया और आरोपी फारूख के विरूद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत अपराध दण्डनीय होने से थाना कन्नौद में प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की गई। उक्त अपराध को विवेचना में लिया जाकर आवश्यक अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी, जिला देवास द्वारा निर्णय पारित करते हुये आरोपी फारूख खॉ को दोषी पाते हुये 03 वर्ष के सश्रम कारावास व 25000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर ली गई शपथ




**देवास।** प्रतिवर्ष 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम कनेक्ट विथ कम्युनिटी कंट्रोल डेंगू निर्धारित की गई है। इस थीम के तहत अधिकाधिक प्रचार प्रसार के माध्यम से आम लोगों को जागरूक कर वाहक जनित रोगों से बचने के लिए प्रयास किया जाना है। इसी के अंतर्गत जिले में जिला और विकासखंड स्तर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य कार्यक्रम डेंगू निवारण हेतु शपथ ग्रहण समारोह का जिला स्तर पर मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शिवेंद्र मिशन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर शपथ ली गई कि देवास जिले में डेंगू जैसी जानलेवा बीमारी का फैलाव नहीं होने देंगे। प्रत्येक सप्ताह अपने घर और कार्यालय की नियमित सफाई करेंगे और संग्रहित तथा संचायित जल में लार्वा पाया जाने पर तत्काल विनष्टिकरण करेंगे। साथ ही अपने आस पास के अन्य लोगों को जागरूक करेंगे ताकि मच्छरों को न पनपने दिया जाए।

इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ रश्मि शर्मा ने बताया कि चयनित थीम के आधार पर अधिकाधिक प्रचार प्रसार कर लोगों को वाहक जनित रोगों से बचने हेतु जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में लोकप्रिय एफएम चैनल रेड एमएम तथा आकाशवाणी के माध्यम से साक्षात्कार और जागरूकता संदेश भी प्रसारित किए गए हैं।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम में डीएचओ डॉ एम एस गौसर, डॉ राजेंद्र गुजराती, डॉ शाहिद शेख, डीआईओ डॉ सुनील तिवारी, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ कर्तव्य तिवारी , डीपीएम कामाक्षी दुबे, डीसीएम ओमप्रकाश मालवीय , सुखदेव रावत तथा जिले एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## जो भक्ति में लीन हैं उसे ना तो माया और ना ही कलियुग सता सकता है: शास्त्री



**देवास।** जिसकी मुस्कुराहट दीवाना कर दे उसका नाम है श्रीकृष्ण। कृष्ण किसे कहते हैं, जो चित्त को, संसार को, ब्रह्मांड को अपनी ओर आकर्षित कर दे उसका नाम श्रीकृष्ण है। जिसमें एक अद्भुत आकर्षण है, जो हमारे मन को खींचता है उसका नाम है श्रीकृष्ण। भगवान श्रीकृष्ण राधा रमन हैं। नन्हे से गोपाल के सुंदर नैनों में अमृतधार हैं। उन्हें देखने के बाद चित्त का होश नहीं रहता है। यह विचार भोपाल रोड स्थित आंवलिया पिपलिया में भागवत रूपी ज्ञान गंगा में व्यासपीठ से पं. अजय शास्त्री सिया वाले ने व्यक्त किए। शास्त्री ने कहा कि जो प्रभु भक्ति में लीन हैं, उन्हें न तो कलियुग और ना ही माया सता सकती है। भगवान ने जब-जब, जिस रूप में आकर के कष्टों का निवारण किया, भक्तों ने उस रूप को हृदय में धारण किया और उसकी वंदना की। आयोजन समिति के बाबूलाल शर्मा, संजय शास्त्री, अनिल सर सहित धर्मप्रेमियों ने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना कर आरती की। सैकड़ों धर्मप्रेमियों ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ लिया।

## तेंदूपत्ता तोड़ने वाले पर हुआ तेंदुए का हमला, घायल गंभीर का इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास




जिले के वन विभाग के अधिकारियों ने 16 मई से तेंदूपत्ता तोड़ने के निर्देश तेंदूपत्ता संग्राहको को दिए थे। उसके बाद जिले में तेंदूपत्ता तुड़ाई का काम लगभग शुरू हो गया है।

गुरुवार सुबह खातेगांव तहसील के विक्रमपुर सबरेंज के आमला-हरणगांव में तेंदूपत्ता संग्राहक पर तेंदुए ने हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया। घायल व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। दरअसल गुरुवार सुबह आमला हरण गांव में बीच जंगल में तेंदुए ने तेंदूपत्ता संग्राहक जगदीश पिता तेजराम माली पर हमला कर दिया। साथ में पत्ते तोड़ रहे अन्य ग्रामीणों के चिल्लाने और आग जलाने के बाद तेंदुआ वहां से भाग गया। घायल जगदीश को आमला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। यहां प्राथमिक उपचार किया गया। डिप्टी रेंजर सजनलाल वर्मा को जानकारी मिली। वर्मा घायल जगदीश को लेकर खातेगांव सरकारी अस्पताल पहुंचे। घायल जगदीश के शरीर पर कई जगह तेंदुए के नाखूनों के निशान दिखाई दिए।

घायल जगदीश को इलाज के लिए हरदा जिला अस्पताल रेफर किया गया। खातेगांव शासकीय अस्पताल में इलाज करने वाले डॉक्टर्स के मुताबिक जगदीश की पीठ और जांघ पर तेंदुए के दांत के निशान हैं। शरीर के कुछ अन्य अंगों पर नाखून के निशान हैं। ऐसे केस में ग्रेड थ्री में आते हैं, जिनमें लगने वाले जरूरी इंजेक्शन यहां उपलब्ध नहीं है। इसलिए घायल को हरदा जिला अस्पताल रेफर किया गया है। खातेगांव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले फॉरेस्ट एरिया में तेंदुओं का लगातार मूवमेंट बना रहता है। ऐसे में तेंदूपत्ता संग्राहकों को हर पल चौकन्ना रहना पड़ता है।

## धूमधाम से मनाया भगवान श्री चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



कायस्थ समाज ने श्री चित्रगुप्त भगवान का प्रकट उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीप खरे ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, महिला प्रदेश अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं जिला अध्यक्ष राम श्रीवास्तव, प्रभारी महिला जिला अध्यक्ष शशि खरे , प्रदेश युवा उपाध्यक्ष पवन श्रीवास्तव, शहर अध्यक्ष विशाल सक्सेना के नेतृत्व में बड़ी संख्या में चित्रांश बंधुओ ने शामिल होकर 14 मई को चित्रगुप्त मंदिर गीता भवन में शाम को 8 बजे भगवान श्री चित्रगुप्त जी का पूजा अर्चना हवन, महा आरती के साथ छप्पन भोग लगाकर प्रकट उत्सव मनाया । इस अवसर पर समाज की विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

साथ ही साथ चित्रगुप्त चौराहा रसलपुर के रख रखाव एवं सौंदर्य करण के लिए पर भी विशेष चर्चा की गई। उत्सव में देवास जिले के चित्रांश बंधुओ ने परिवार सहित उपस्थित होकर महा आरती में भाग ले कर अपने आराध्य देव चित्रगुप्त भगवान के दर्शन लाभ लिए। इस अवसर पर नीलू राजेश सक्सेना, विशाल शिखा सक्सेना ,छाया नरेश कानूनगो, रोहन भावना श्रीवास्तव, सुधीर श्रीवास्तव, पवन प्रियंका श्रीवास्तव, रश्मि अनूप श्रीवास्तव, शोभा उमाशंकर श्रीवास्तव, लीला सक्सेना, अनुपम डॉक्टर श्याम श्रीवास्तव, शर्मिला संजीव श्रीवास्तव, नीतू मनोज श्रीवास्तव, शिमला अशोक श्रीवास्तव, उमा देवी श्रीवास्तव, अर्चना रूपल श्रीवास्तव, सृष्टि श्रीवास्तव, यशस्वी श्रीवास्तव, अर्चना स्वप्निल श्रीवास्तव, प्रेरणा सक्सेना, अखिलेश श्रीवास्तव अजय निगम आदि उपस्थित रहे।

## श्रीआदेश्वर मंदिर में धूमधाम से चढ़ी ध्वजा आयंबिल खाता का हुआ लोकार्पण



**देवास।** श्रीआदेश्वर मंदिर बड़ा बाजार देवास में बहुत ही धूमधाम से उत्साह पूर्वक मंदिर की वर्षगांठ पर ध्वजा रोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रतिवर्ष की तरह वैशाख शुक्ल अष्टमी को सर्व प्रथम सत्तर भेदी पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तम सुगंधित पुष्प, फुलमाल, केसर, चंदन, बरास, चूर्ण, नैवेद्य, फल, धूप, दीप, वाजिंत्र, नृत्य, गान, फूल बंगला आदि प्रभु को अर्पण किए गए। जिसके लाभार्थी मुकेश कुमार तरवेचा रहे। प्रभु की स्वर्ण बरख द्वारा मनमोहक अंग रचना की गई। तत्पश्चात मंदिर के शिखर पर ढोल नगाड़ों द्वारा झूमते नाचते सैकड़ो भक्तों के बीच आदेश्वर दादा की ध्वजा गिरीश कुमार वीरेंद्र कुमार वेद परिवार द्वारा, मणिभद्र देव की ध्वजा मांगीलाल छगनीराम जैन परिवार द्वारा एवं नाकोड़ा भैरवजी की ध्वजा सज्जनबाई बाबूलाल सेठिया परिवार द्वारा चढ़ाई गई। महेंद्र सिंह सोलंकी, शशिकांत यादव, मनीष की उपस्थिति में विमला बहन बसंतसिंह परिवार द्वारा आराधना भवन में नए आयंबिल खाता का उद्घाटन किया गया। श्री आदेश्वर ट्रस्ट मंडल द्वारा सांसद सोलंकी का अभिवादन किया गया। इसके बाद समस्त श्री संघ के स्वामी वात्सल्य का आयोजन श्री संघ द्वारा किया गया। आदेश्वर ट्रस्ट मंडल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### सम्मेलन को सफल बनाने के लिए समितियों का किया गठन

## क्षत्रिय मराठा समाज परिचय सम्मेलन के लिए बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



शिव छत्रपति मराठा संघ देवास के तत्वाधान में 19 मई 2024 को मल्हार स्मृति सभागृह, सयाजी गेट के पास, देवास में आयोजित कार्यक्रम में अभी तक 400 से अधिक प्रविष्टियाँ प्राप्त हो चुकी है। शिव छत्रपति मराठा संघ अखिल भारतीय स्तर पर विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिचय सम्मेलन का आयोजन करता चला आ रहा है । इस बार तृतीय अखिल भारतीय क्षत्रिय मराठा परिचय सम्मेलन माँ चामुण्डा की नगरी देवास में करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।

इस समाजोपयोगी आयोजन को सम्पन्न करने में समाज के सभी बंधु-बांधवों का निरन्तर सहयोग मिलता हैं और इस मंच के माध्यम से अनेक रिश्ते तय हुए है जो अब सफल वैवाहिक जीवन व्यतीत कर रहे हैं। इस वर्ष भी मराठा समाज का यह आयोजन वृह्द स्तर पर होने जा रहा हैं। आयोजन को सफल बनाने हेतु समाज की बैठक में विभिन्न समितियों का गठन किया गया। इन समितियों के सहयोग से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। चूंकि वर्षों से समाज की यह महती आवश्यकता होने के कारण इस निःशुल्क आयोजन का महत्व समाज के हर वर्ग के प्रत्याशी एवं उनके अभिभावकगण समझने लगे हैं इसी महा अभियान को जारी करते हुए शिव छत्रपति मराठा संघ संकल्पित है।

आयोजन हेतु कई समितियों का गठन किया गया है जिसके प्रमुख दिलीपसिंह जाधव, सुरेशराव चव्हाण, अशोक जाधव, कुमार जाधव, दिनकर राव जाधव, प्रदीप पवार, शालिनी चव्हाण, कल्पना जाधव, रोहिणी भोसले, सरोज भंवर, रंजना जाधव, अनिता चव्हाण के कुशल प्रबंधन में कार्यक्रम की रूपरेख तय की जाएगी। इस अवसर पर परिचय विशेषांक का भी प्रकाशन किया जाएगा, जिसमें प्रत्याशियों एवं अभिभवकों की फोटों सहित संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। क्षत्रिय मराठा समाज देवास शहर में अपनी गौरवशाली परंपराओ के अनुसार समाज के समाजसेवी का मराठा गौरव के साथ सम्मान समारोह भी करने जा रहा है ।

संस्था के अध्यक्ष किर्ती चव्हाण ने जो बेडा उठाया है उसको सबके सहयोग से भव्य पैमाने पर आयोजित किया जाएगा ।

## बारिश के बाद फिर आया तापमान में उछाल



**देवास।** बीते दिनों मौसम परिवर्तन व बारिश के बाद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई थी। पारा 36 डिग्री तक पहुंच गया था लेकिन अब फिर से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने लगी है। पिछले दो दिनों में अधिकतम तापमान 2 डिग्री व न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई।गुरुवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री व न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिसके चलते गर्मी का असर फिर से तेज हो गया है। गुरुवार को सुबह से मौसम साफ रहा। दिन की शुरुआत के साथ ही गर्मी के तेवर तीखे रहे। इसके पहले तीन दिनों से लगातार मौसम में परिवर्तन होने से गर्मी से काफी राहत मिली थी। कई क्षेत्रों में हुई बारिश के बाद मौसम भी ठंडा हो गया था। लेकिन अब फिर पारे में वृद्धि के साथ गर्मी का असर बढ़ गया है।


## खबर संक्षेप

### हर्षिता ने सीबीएसई परीक्षा परिणाम में प्राप्त किया प्रथम स्थान



**आष्टा।** भारतीय सेना में अपनी सेवाएं देकर रात दिन भारत माता की सेवा कर रहे देशभक्त सैनिक शंकर लाल विश्वकर्मा ग्राम बेदाखेड़ी की बेटी हर्षिता विश्वकर्मा ने मंगलवार को सीबीएसई परीक्षा परिणामो में बाजी मारते हुए आर्मी पब्लिक स्कूल लखनऊ में कक्षा 10 वी में 500 में से 461अंक प्राप्त कर (92.2%) प्रथम स्थान हासिल किया। जिसके चलते हर्षिता के पिता शंकर लाल विश्वकर्मा और दादा दादी, चाचा चाची सहित पुरे परिवार में हर्ष और खुशी का माहौल है वहीं बिटिया की इस उपलब्धि पर परिवार के लिए गौरव के पल बताते हुऐ उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है शुभकामये दी। आपको बता दे शंकर लाल विश्वकर्मा र्तमान समय में लखनऊ सैनिक अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### सीबीएसई परीक्षा में पुष्प स्कूल की वंशिका राठौर ने मारी बाजी



**आष्टा।** मंगलवार को सीबीएसई द्वारा 10वीं और 12वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया गया। इस दौरान आष्टा के पुष्प हायर सेकेंडरी स्कूल आष्टा का कक्षा दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा जिसमें शत प्रतिशत बच्चे पास हुए!पुष्प स्कूल से कक्षा दसवीं में वंशिका राठौर ने 92.4 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वंशिका राठौर की उपलब्धि पर परिवार में खुशी और उत्साह का माहौल है। पिता पंकज राठौर और पुरे परिवार ने वंशिका की उपलब्धि पर परिवार के लिए गौरव के पल बताए। सीबीएसई परीक्षा परिणाम पर पुष्प हायर सेकंडरी स्कूल के प्रिंसिपल फादर मेल्विन सीजे ने भी वंशिका को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान स्कूल के प्रिंसिपल ने अच्छे रिजल्ट का श्रेय शिक्षकों एवं विधार्थियों को दिया।

## कागजी प्रक्रिया में उलझा पानी टंकी का काम

# अमृत योजना के तहत बनने वाली टंकी का नहीं हुआ निर्माण शुरू, हो रही परेशानी

पिछले साल मई, जून में निर्माणि कार्य कार्य शुरू होने की बात कही जा रही थी, लेकिन टेंडर ओपन नहीं होने व अन्य प्रक्रिया पूरी नहीं होने से रूका काम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




अमृत योजना में पानी स्टोरेज क्षमता बढ़ाने नगर में तीन जगहों पर कुल 2600 केएल (किलो लीटर) क्षमता की बनने वाली पानी टंकी का काम कागजी प्रक्रिया में उलझता जा रहा है। पिछले साल मई, जून में कार्य शुरू होने की बात कही जा रही थी, लेकिन टेंडर ओपन नहीं होने के साथ अन्य प्रक्रिया पूरी नहीं होने से अगस्त महीने का गया गया पर कुछ नहीं हुआ। ऐसा करते हुए साल 2024 का मई का आधा महीना बीतने को है फिर भी कार्य का श्रीगणेश नहीं हुआ है। नगर के 18 वार्डों में रहने वाली करीब एक लाख आबादी की प्यास बुझाने नगर पालिका के पास पानी स्टोरेज के पर्याप्त इंतजाम नहीं है। नतीजा 12 महीने ही एक दिन छोड़कर पानी सप्लाई करना पड़ता है। बारिश के मौसम में भरपूर पानी रहता है, फिर भी नपा पानी टंकी कम होने से नियमित सप्लाई नहीं कर पाती है। इस समस्या को दूर करने अमृत योजना में तीन स्थानों पर टंकी का निर्माण कराया जाएगा।

### इन जगहों पर बनेगी टंकी

1300 केएल क्षमता की बनने वाली इस टंकी से पीएम आवास कॉलोनी में रहने वाले करीब एक हजार से अधिक आबादी को लाभ होगा। अभी यहां नगर पालिका पानी की टंकी रखकर लोगों को पानी उपलब्ध करा रही है। बताया जाता है कि इस कॉलोनी के अलावा दूसरी जगह के वार्ड की कॉलोनी को भी इस टंकी से कनेक्ट किया जा सकता है।

### बीआरसीसी भवन के पास

600 केएल क्षमता की बनने वाली टंकी से इंदिरा कॉलोनी की करीब डेढ़ हजार आबादी के अलावा आसपास क्षेत्र की अन्य कॉलोनी के लोगों को पानी मिलेगा। उनकी वर्षों पुरानी पानी की समस्या भी दूर होगी। इसलिए ही लोग जल्द ही इस टंकी के निर्माण होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

### ईदगाह अलीपुर के पास

700 केएल क्षमता की बनने वाली टंकी से ईदगाह क्षेत्र के अलावा अलीपुर सहित अन्य आसपास निवास करने वाले लोगों को पीने का पानी मिलेगा। यह क्षेत्र पुराने भोपाल इंदौर हाईवे से भी जुड़ा हुआ है। नई टंकियां का अभी काम शुरू नहीं हो सका। नपा आष्टा इंजीनियर पीके साहू ने बताया कि अमृत योजना में बनने वाली टंकी की डिजाइन तैयार कर ऊपर भेज दी है। अभी काम चालू नहीं हुआ है। इस कारण क्षेत्र के लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

# तेज गर्मी: घरों से निकलने में कतरा रहे हैं लोग

## सड़कें पड़ी हैं सूनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पिछले कई दिनों से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। गर्मी के साथ रात को बूंदाबूंदी देखने को मिल रही है। इसकी वजह से दिन के तापमान में वृद्धि और रात के तापमान में गिरावट जारी है। हाजीपुर-कुरावर मार्ग पर लोगों के आवागमन में कमीं देखने को मिल रही है। तेज धूप निकलने के साथ गर्म हवाएं चलना शुरू हो गई है। जिसकी वजह से लोग घरों से निकलने में कतरा रहे हैं। इस कारण भी क्षेत्र में शांति पड़ी हुई है। मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। इस बदलते मौसम की वजह से दिन में ग्रामीण लोगों ने बिना वजह से निकलना बंद कर दिया है। मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों पर बताया गया कि आगामी 2-4 दिनों तक ऐसा ही चलता रहेगा। आने वाले दिनों में दिन का तापमान 40 से 42 डिग्री पार जायेगा। ऐसा मौसम विभाग की तरफ से कहना है।

### शा.अस्थिबाधितार्थ उमावि में आवेदन 31 जुलाई तक

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित शासकीय अस्थिबाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, परदेशीपुरा समाज कल्याण परिसर इन्दौर ने शासकीय दिव्यांग बालकों को जो 6 वर्ष एवं अधिक आयु समूह के हो, उन्हें नियमानुसार कक्षा 1वीं से 8वीं शिक्षण के लिये प्रवेश दिया जाना है। सत्र 2024-25 के लिये प्रवेश प्रारंभ है। प्रवेश के लिये अर्हताओं में कक्षा 1 में आयु सीमा 6 वर्ष अधिक अथवा कक्षा अनुसार, शैक्षणिक योग्यता अंतिम उत्तीर्ण कक्षा की अंकसूची की छायाप्रति, आय प्रमाण पत्र, कम से कम 40 प्रतिशत दिव्यांगता होना आवश्यक है। इसके अलावा दिव्यांगता दर्शाते हुए 6 फोटो, मध्यप्रदेश के मूल निवासी का प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र डिजीटल, आधार कार्ड, समग्र सामाजिक सुरक्षा आई.डी. (SSSM ID), यू.डी.आय.डी., बैंक खाता आधार से लिंग किया हुआ, जन्म प्रमाण-पत्र होना भी आवश्यक है।

# जैन मंदिर में मनाया गया पंचकल्याणक महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

दिगंबर जैन मंदिर मेहतवाडा में जिन बिम्ब पंचकल्याणक महामहोत्सव की आठवीं वर्षगांठ बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें सर्वप्रथम चिंतामणि मूलनायक पार्श्वनाथ भगवान के अभिषेक की बोली का सौभाग्य प्रमोद कुमार जैन, संजय जैन, दीपक जैन, आमोद जैन ,शरद जैन, अरिहंत जैन, सिद्धार्थ जैन ,आयुष जैन ,दिव्यांश जैन ,अंजनैया जैन को प्राप्त हुआ एवं सुरेंद्र कुमार जैन ,सोहित कुमार जैन, सक्षमजैन ,प्रशम जैन को भी सौभाग्य प्राप्त हुआ एवं सतीश कुमार जैन, अर्पित जैन, सोमू जैन, सुहागमाल जैन, पवन कुमार, मनीष जैन ,अनमोल जैन, आशीष जैन, जैन परिवार को भी सौभाग्य प्राप्त हुआ सकल दिगंबर जैन समाज जन कि उपस्थिति में चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान पर अभिषेक कर एवं शांति धारा करके पुनर्जन किया आपके पुण्य की बहुत-बहुत अनुमोदना करते हुए दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष अमोद कुमार जैन ने बताया कि नेवज नदी के तट पर देवांचल पर्वत एवं पुष्पगिरी के समीप इंदौर भोपाल के मध्य में स्थित दिगंबर जैन मंदिर का प्राचीन इतिहास रहा है यहां पर देवांचल पर्वत से भोपाल झरनों के मंदिर में लगभग 7 फीट ऊंची प्रतिमा ले जाकर विराजित की गई है।

देवांचल पर्वत पर आज भी जैन मंदिर एवं प्रतिमाओं के अवशेष दर्शन हेतु प्राप्त होते हैं उन्हीं प्राचीन धरोहर एवं अतिशेष चमत्कार से हमारे मंदिर सुशोभित होते रहते हैं यहां पर दिगंबर संतो का आना-जाना भी रहता है संतो के आहार विहार एवं निहार करने का सौभाग्य भी समाज जन को प्राप्त होता है उनका आशीर्वाद हम पर बना रहे एवं पार्श्वनाथ भगवान का आशीर्वाद सभी समाजजन एवं ग्रामवासी को प्राप्त होता रहता है कई वर्षों पहले आचार्य विजय सागर, विमल सागर महाराज द्वारा मंदिर निर्माण करवाया गया था तत्पश्चात आचार्य विप्रणत सागर जी महाराज के सानिध्य में मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया एवं अब विशाल धर्मशाला का निर्माण प्रगति पर है।

# मूंग की फसल के काम में जुटे क्षेत्र के किसान, इस बार अच्छी पैदावार की उम्मीद और भाव भी मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



गेहूं और चना फसल निकालने के बाद अब किसानों ने मूंग फसल का काम शुरू कर दिया है। जिन किसानों के पास गर्मियों में अच्छा पानी है। उनके लिए मूंग फसल एक अच्छा विकल्प साबित हो सकता है। इस समय किसान लहसुन और प्याज से फुर्सत होकर मूंग में जुटे हुए हैं। कृषि विभाग के अनुसार मूंग की अच्छी वैराइटी 65-70 दिनों में पककर तैयार हो जाती है। पैदावार की अगर बात करें तो अधिकतम 12-15 क्विंटल प्रति एकड़ तक हो जाती है। यहां फसल अतिरिक्त आय का जरिया बनने के साथ आर्थिक स्थिति सुधारने में मददगार बनी हुई है। पिछले 4-5 सालों में मूंग की पैदावार भी बढ़ी है। मंडियों में मूंग का भाव कम से कम 6-7 हजार व अधिकतम 8 से 9 हजार रुपए प्रति क्विंटल तक है। ग्राम पंचायत कुरावर व हाजीपुर में कुछ किसानों ने इसे एक प्रयोग के तौर पर लगाई है। किसान दयाराम ने बताया कि आवारा मवेशी इस फसल को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। इस समय खेत खाली हो गए हैं, जिसका सीधा नुकसान मूंग किसानों को झेलना पड़ रहा है। वहीं, किसान दशरथ सिंह ने बताया कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र में बहुत कम किसान मूंग फसल लगाते हैं, क्योंकि सभी किसानों के पास पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं रहता है, जिससे आसपास के खेत खाली रहते हैं और आवारा मवेशी फसलों को नुकसान करने खेतों में आसानी से पहुंच जाते हैं।

# भगवान चित्रगुप्त जी के प्राकट्य उत्सव पर कायस्थ समाज ने नगर में उत्साह से निकाली शोभायात्रा, किया कुटुम्ब भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



कायस्थ समाज के आराध्य व कुल देवता तथा सभी प्राणियों के पाप -पुण्य का हिसाब - किताब रखने वाले चित्रगुप्त भगवान का प्राकट्य उत्सव दिवस धूमधाम से मनाया गया। समाज का कुटुम्ब भोज भी किया। चित्रगुप्त मंदिर में हवन- पूजन, आरती की गई। नगर में शोभायात्रा भी निकाली गई। समाज के अध्यक्ष सहित प्रमुखों का अखंड ब्राह्मण समाज आदि ने स्वागत एवं सम्मान किया। मंगलवार 14 मई को भव्य शोभायात्रा प्रातः 8 बजे चित्रगुप्त मन्दिर भवानी चौक पुरानी सब्जी मंडी से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई गोकुलधाम पहुंची। स्थानीय मानस भवन के समाने अखंड ब्राह्मण समाज आष्टा के अध्यक्ष मनीष पालीवाल, प्राचार्य सर्वेश उपाध्याय, विनीत त्रिवेदी, दिनेश शर्मा,निलेश कुमार शर्मा एडवोकेट, कृष्णा शर्मा, कपिश शर्मा ने कायस्थ समाज आष्टा एवं सकल समाज के अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव एवं सभी सदस्यों का साफा पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया । गोकुल धाम में भगवान चित्रगुप्त जी की आरती के पश्चात प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम हुआ। इसमें कक्षा 10 वीं 12 वीं नीट और गेट परीक्षा में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले कायस्थ समाज के बालक -बालिकाओं को सम्मानित किया तथा सभी का सहभोज भी आयोजित किया । इस अवसर पर कायस्थ महासभा अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ने कहा वैशाख मास में गंगा सप्तमी पर सभी प्राणियों के कर्मों का लेखा -जोखा रखने वाले अपने आराध्य भगवान श्री चित्रगुप्त का प्राकट्य दिवस मनाया जाता है।आप एक ऐसे भगवान है,जिनका सभी प्राणियों से सीधा नाता है। सभी प्राणियों को उनके कर्मों के आधार पर यमराज के समक्ष भगवान चित्रगुप्त का दरबार लगता है। जिसके जैसे कर्म रहते हैं उसे वैसा ही फल दिया जाता है।श्री श्रीवास्तव ने कहा कायस्थ समाज चित्रगुप्त भगवान के वंशज हैं।कायस्थ समाज की शोभायात्रा का नगर के प्रमुख मार्गों पर विभिन्न सामाजिक संगठनो स्वर्णकार समाज, अखंड ब्राह्मण समाज,सकल समाज के साथ ही अनिल, अशोक, अरुण ,राजा श्रीवास्तव परिवार द्वारा सभी समाज जनों का साफा बांधकर स्वागत किया । गोकुलधाम परिसर में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, कालू भट्ट ,रूपेश राठौर अध्यक्ष व्यापारी संघ ,रवि शर्मा पार्षद उपस्थित रहे एवं कायस्थ समाज की शोभा यात्रा का स्वागत किया।इस अवसर पर सकल समाज एवं कायस्थ समाज अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव,मंदिर समिति के अध्यक्ष नरेश माथुर,समाज के वरिष्ठ अशोक श्रीवास्तव,जी. के. माथुर, मनोहर श्रीवास्तव, डॉक्टर राजेंद्र श्रीवास्तव, सीएमओ राजेश सक्सेना , अरुण श्रीवास्तव,सुनील सक्सेना, दिनेश माथुर, नरेंद्र माथुर, प्रदीप माथुर, संजय हजेला, पंकज श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार योगेश श्रीवास्तव, गोविंद श्रीवास्तव, सोनू श्रीवास्तव, भावना श्रीवास्तव, अर्चना माथुर, नम्रता माथुर,भारती श्रीवास्तव, डॉ ललिता श्रीवास्तव ,डॉक्टर ओम प्रकाश श्रीवास्तव ,डॉक्टर संजय हजेला, विजय श्रीवास्तव, भावना श्रीवास्तव, अर्चना माथुर , उमा श्रीवास्तव, शशि माथुर, अलका श्रीवास्तव, नीलिमा श्रीवास्तव, पूजा श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, मीना श्रीवास्तव, सीमा श्रीवास्तव, श्वेता श्रीवास्तव, कामिनी श्रीवास्तव, अर्चना माथुर, नम्रता माथुर, निधि श्रीवास्तव, शांति देवी श्रीवास्तव, साधना सक्सेना,महेश माथुर, शैलेष माथुर, डा अबेका खरे,मनोज श्रीवास्तव, मोहन श्रीवास्तव, परमानंद श्रीवास्तव,महेंद्र सक्सेना, राजेश श्रीवास्तव, सक्षम श्रीवास्तव , हर्षित श्रीवास्तव, मानव श्रीवास्तव, उत्कर्ष संजय श्रीवास्तव, देवेश भटनागर, सर्वेश भटनागर, प्रदीप माथुर, देवेंद्र माथुर,कवीश माथुर, पंकज श्रीवास्तव, सुबोध हजेला एवं अन्य समाज जन उपस्थित रहे। राजेश सक्सेना मुख्य नगर पालिका अधिकारी, अनिल श्रीवास्तव, जी. के. माथुर,मनोहर श्रीवास्तव, डॉक्टर राजेंद्र श्रीवास्तव ने सभा को संबोधित किया।

# नाली नहीं बनने से फैल रही गंदगी ग्रामीणों को बीमारी की सता रही चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत आमला के चितावलिया जाट में सही नाली नहीं बनाई गई है। इसके कारण ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर सड़क के साइड में नाली नहीं बनी है। इस वजह से पानी सड़क पर ही भर जाता है, जिस कारण से उन्हें परेशानी होती है। सड़क पर पानी जमा होने से यहां पर कीचड़ हो जाती है और वहां पर मच्छर पनपते हैं। इस कारण से ग्राम में बीमारी फैलने का डर बना रहता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि यहां पर व्यवस्थित नालियां बनवाकर खराब पानी को निकालने की व्यवस्था कराई जाए, जिससे कि यहां पर स्वच्छता बनी रहे और किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरिजी महाराज के दर्शनार्थ पहुंचे नगर के भक्त

# आस्था, अध्यात्म में आष्टा अनूठा, यह मालवा का प्रयाग: अवधेशानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आस्था की भूमि आष्टा में प्रवाहित पुण्य सलिला पार्वती के अमृत तुल्य जल से अभिसिंचित पावन माटी और इस माटी में समाहित धर्म और अध्यात्म की सोंधी महक हमारे चेतन यहां तक कि अवचेतन से भी विस्मृत नहीं होती। विश्व का ऐसा कोई कोना नहीं है जहां व्यास पीठ से आष्टा की निस्वार्थ और भोली भक्ति का उल्लेख न हुआ हो। पार्वती की पौराणिकता में पापनाशिनी नदी का संगम इसे मालवा के प्रयाग की संज्ञा देने के लिए पर्याप्त है। आष्टा आस्था का पर्याय है साथ ही यह मालवा देश की समस्त खूबियों को भी समेटे हुए है। मैं शंकर मन्दिर स्थित शिव पार्वती के मिलन तीर्थ को प्रणाम करने शीघ्र ही आष्टा प्रवास पर आऊंगा। यह बातें जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरिजी महाराज ने उनके दर्शनार्थ पहुंचे नगर के भक्त मण्डल को आशीष वचन के रूप में कहीं। दिव्य पार्वती तट के पड़ाव की महती भूमिका स्वामीजी ने नगर में प्रभु प्रेमी संघ के सफल संचालन की प्रशंसा करते हुए कहा कि मालवा की सभी नदियां अंतता गंगा में समाहित हो जाती हैं। हमारी आध्यात्मिक यात्रा में दिव्य पार्वती तट के पड़ाव की महती भूमिका है। स्वामी अवधेशानंद जी महाराज ने स्थानीय प्रभु प्रेमी संघ के सभी सदस्यों की तुलना निष्काम भक्ति और श्रम साधना की प्रतीक वानर सेना से की । स्वामी अवधेशानंद गिरिजी महाराज राजकीय अतिथि के रूप में भोपाल पधारे थे। रविवार को उन्होंने शंकराचार्य जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया । कार्यक्रम के बाद नगर के भक्त मण्डल ने स्वामी जी से भेंट की । स्थानीय प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक कैलाश परमार, प्रभु प्रेमी संघ के सचिव शैलेश राठौर, पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाह सदस्य शुभम शर्मा, पूर्व सरपंच मधुसूदन परमार, समाज सेवी सुनील प्रगति, वीरेंद्र परमार एडवोकेट, मनमोहन सिंह आदि ने स्वामीजी को आष्टा आने का निमंत्रण दिया।

# 2935 रुपए क्विंटल के भाव में बिका लोकवन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मंगलवार को कृषि उपज मंडी अच्छी आवक रही। नीलामी के दौरान गेहूं लोकवन 2520 से 2935, गेहूं सुजाता 3003 से 4073, गेहूं पूर्णा 2466 से 2870, गेहूं मालवराज 2071 से 2401, गेहूं मिल 2341 से 2440, चना कांटा 4500 से 6180, चना मौसमी 6037 से 7681, सोयाबीन पीला 3000 से 5801, मसूर 4100 से 5702, राई 4500 से 5401, प्याज 250 से 1400, लहसुन 2010 से 15000 रुपए प्रति क्विंटल भाव रहे। इस तरह कुल आवक 11645 रही।

## 10 वार्डबॉय नियमित तो 6 को रोगी कल्याण समिति से दिया जाता है पेमेंट

# जिला अस्पताल में 16 वार्ड बॉय, फिर भी अटेंडर खुद धकाते हैं स्ट्रेचर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाएं किसी से छिपी नहीं हैं। कायाकल्प योजना के नाम पर बिल्डिंग को चकपक रखने में लाखों रुपए जरूर खर्च किए गए लेकिन अगर बात मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की करें तो उन पर रोजाना ही कोई न कोई प्रष्नचिन्ह जरूर लगते रहते हैं।

ऐसा कोई दिन नहीं जाता है जब मीडिया को मरीजों की तरफ से परेषानी, असुविधा, ईलाज में कमी या बदसलूकी की षिकायत न मिलती हों। अगर मेनपावर की बात करें तो स्टाफ की भी कोई कमी नहीं है लेकिन उन पर नियंत्रण का अभाव होने से मरीज हमेंषा परेषान ही रहते हैं। जिला अस्पताल में कहने तो रेगुलर और रोगी कल्याण समिति से मिलाकर कुल 16 वार्डबॉय पदस्थ हैं लेकिन इसके बाद भी स्टेचर पेषेंट के परिजनों को ही धकाना पड़ता है। अगर किसी पेषेंट के साथ अटेंडर/परिजन न हो तो उसकी तो फजीहत ही हो जाती है।

**कभी-कभी अफसरों में सेवा में जरूर नजर आ जाते हैं वार्डबॉय**



### नियमित 10 एवं रोकस से 6 वार्डबॉय तैनात

जिला अस्पताल में वार्डबॉय के कुल 37 पद स्वीकृत हैं। इनमें से 10 वार्डबॉय कार्यरत हैं। कमी को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने रोगी कल्याण समिति के जरिए 6 और वार्डबॉय पदस्थ किए हुए हैं लेकिन इन 16 में से कभी-कभार ही कोई स्टेचर को लाने ले जाने या धकाने का काम करता नजर आता है। दुर्घटना में घायल मरीजों को एम्बुलेंस का स्टाफ, परिजन या साथ आए व्यक्ति ही खींचते हुए ओटी तक पहुंचाते हैं।

### कुछ वार्डबॉय कर रहे अफसरों की चाकरी

जिन 16 वार्डबॉय की हम यहां बात कर रहे हैं उनमें से कुछ को कई बार अस्पताल के ही अफसरों के निजी कार्यों को करते देखा गया है। हरिभूमि के पास इसके सबूत भी हैं। अगर अफसरों की चाकरी करने के बजाय इन कर्मचारियों को मरीजो की देखभाल, सेवा में लगा दिया जाए तो बहुत सी परेषानियां खत्म हो सकती हैं। परन्तु अफसर, चाहते ही नहीं हैं कि मरीजों को अच्छी सेवाएं दी जाएं।

### कान की समस्या दिखाने पहुंचा पेशेंट पर डॉक्टर ही नहीं

वार्डबॉय की समस्या के अलावा चिकित्सकों की लापरवाहियां भी जिला अस्पताल में जगजाहिर हैं। बुधवार को पारायण चैक के समीप निवासरत षिक्षक हरीष शर्मा अपने कान की समस्या दिखाने जिला अस्पताल पहुंचे थे। ओपीडी समय में ईएनटी(ईयर, नोज, टंग स्पेषलिस्ट) को वहीं बैठा हुआ होना चाहिए था लेकिन वे थे ही नहीं।

**वार्ड बॉय के कितने पद**

| स्वीकृत | पदस्थ |
|---|---|
| 37 | 10(नियमित) |
| 06 | 06(रोकस से) |

## पानी की बॉटल ठंडी न होने की बात पर हुई मारपीट

# दुकान कर्मचारी को पीटने वाले सब-इंसपेक्टर पर एफआईआर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-जीरापुर

वर्दी के जोश में आकर आपा खाने वाले पुलिस कर्मचारियों के उदाहरण जिले में कई बार देखने मिल चुके हैं। ताजा मामला जीरापुर नगर है जहां मंगलवार शाम खरीदी गई बॉटल ठंडी न होने की बात परएक सब-इन्सपेक्टर इतने अधिक उग्र हो गए कि उन्होंने दुकान में आकर कर्मचारी पर हाथ उठा दिया वहीं उनके बेटे ने कर्मचारी पर बॉटल फेंककर मारी।

यह पूरा माजरा दुकान में लगे सीसीटीवी में भी कैद हुआ जिसका वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में स्पष्टतः एसआई की गलती नजर आने के बाद भी संबंधित पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। बुधवार अपरान्ह जब जीरापुर के मीडियाकर्मी षिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचे तब कहीं जाकर एसआई और उनके बेट पर एफआईआर दर्ज हो पाई।

### यह लिखा है एफआईआर में

जीरापुर निवासी श्यामसुंदर जायसवाल भावसार बुक स्टॉल पर कार्य करते हैं। यहां से दो दिवस पूर्व एक पानी की बॉटल खरीदी गई थी लेकिन वो पानी ठंडा नहीं था। इसी बात पर मंगलवार शाम को एसआई रामलाल आजाद व उनका पुत्र आए और पुत्र ने वह बॉटल फेंककर मार दी। बात यहीं खत्म नहीं हुई। एसआई श्री आजाद दुकान में घुसे और श्यामसुंदर पर हाथ उठा दिया। दुकान मालिक योगेष द्वारा बीच-बचाव किया गया। बाद में थाने में षिकायत हुई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। \ बुधवार को मीडियाकर्मी षिकायत और तत्संबंधी सीसीटीवी फुटेज लेकर एसपी ऑफिस पहुंचे और षिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद जीरापुर पुलिस ने एसआई रामलाल आजाद व बेटे पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## मंडी व्यापारी भी बड़ी मात्रा में कर रहे खरीद फरोख्त रात के अंधेरे में निकालते हैं गाड़ी

# जिम्मेदारों के उदासीन रवैए से सरकारी पीडीएस की हो रही कालाबाजारी !

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



इन दिनों सरकारी चावल की जमकर कालाबाजारी हो रही है। जिले भर में सडकों पर बैठे आडतिए बैठे है जो गरीबों को लालच देकर उनके हिस्से का निवाला अमीरों की झोली में डालकर अपनी दलाली निकाल कर रहे है। उल्लेखनीय है कि शहर सहित अंचल में हजारों परिवारों को फ्री का राशन उपलब्ध कराने के लिए सैकड़ों राशन दुकानें संचालित है। शासन की योजना के मुताबिक यहां अंत्योदय, निराश्रित, अन्नपूर्णा, प्राथमकिता वाले तथा निरूशक्तजनों को सस्ते दर पर चावल, शक्कर, गेहूं आदि सामग्रियां उपलब्ध कराया जाता है। सूत्रों की माने तो सफेद चावल के काले कारोबार में कई मंडी व्यापारी भी लिप्त है।

### बीपीएल परिवार के राशन की अधिक कालाबाजारी

बीपीएल श्रेणी के पात्रता रखने वाले हितग्राहियों को अलग-अलग योजना के तहत चावल, शक्कर और गेहूं प्रदान किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य गरीबों को भरपेट भोजन उपलब्ध कराना है। जानकारी के अनुसार बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ताओं को प्रति सदस्य 5 किलो के मान से गेहूं चावल,शकर प्रदान किया जा रहा है। पीला राशन कार्डधारी सदस्य को लगभग 35 किलो गेहूं चावल शक्कर प्रदान किया जाता है, लेकिन उनके हिस्से का अधिकांश राशन की कालाबाजारी हो रही है।

### सस्ता खरीद कर महंगा बेच रहे राशन

सूत्रों के अनुसार बीपीएल कोटे का चावल सस्ते दामों में खरीद कर उसे 20 से 25 रुपए में बेच रहे हैं। ऐसी जानकारी मिली है कि अधिकांश राशन दुकानों से राशन कार्डधारी चावल नहीं ले जाते। वे राशन दुकानों में आते हैं और फिंगर प्रिंट देने के बाद 18 रुपए की दर से चावल का पैसा ले लेते हैं। बाद में इसे दलाल के माध्यम से राशन मिलों में अधिक दामों में बेच दिया जाता है।

### मंडी व्यापारी भी हैं शामिल

विश्वसनीय सूत्रों की माने तो सफेद चावल के इस काले कारोबार में सारंगपुर शहर के कई मंडी व्यापारी भी शामिल है। जो छोटी दुकानदारों से क्वंटलो की मात्रा में पीडीएस चावल खरीद कर रात के अंधेरे में सारंगपुर अकोदिया नाका पाडल्या रोड़ सहित अनेक स्थानों से गाडियां भरकर निकाल रहे है। ऐसा नही है की इस बात की जानकारी स्थानीय अधिकारियों को नही है, बल्कि ये सब इनकी मिलीभगत से हो रहा है ।

### करेंगे कार्रवाई

खाद्य विभाग के अधिकारी को बोलकर दिखावा लेता हूं। पीडीएस चावल की कालाबाजारी हो रही है तो सख्त कार्रवाई करेंगे।

**संजय उपाध्याय एसडीएम सारंगपुर।**

# कैवल्य योग आश्रम धूना दोलाज में धूमधाम से मनाया गंगा सप्तमी पर्व



**छापीहेड़ा।** पूरा भारत देश सनातन से ही अपने सनातन पर्व मनाता आया हैं इसी क्रम में गंगा सप्तमी के पर्व के उपलक्ष्य में साधकों द्वारा सार्थक कार्यक्रम संपन्न हुआ प्रारम्भ गुरूदेव वाचस्पति स्वामी रघुनाथानन्द अवधूत जी एवं वटुको द्वारा मां गाड़गंगा के तट पर पूजन कराया गया आरती की गई गंगा मैया को साधको द्वारा करीब पचास मीटर साडी गंगा मैया को अर्पित की गई इसके पश्चात गुरूदेव ने अपने उद्बोधन में बताया कि आज के युग मे समाज इतना व्यस्त है कि वह अपनी सनातन संस्कृति को भुलता था रहा है तब आने वाली संतानो को याद रखना और कठिन होगा इसीलिए आश्रम ने यह निर्णय लिया हैं कि हम सनातन के प्रत्येक पर्व परिवार सहित मनायेगे आज गंगा सप्तमी के बारें में गंगा जी की उत्पत्ती एवं भागीरथ थी द्वारा इस धरा पर अवरित कराने की कथा विस्तार पूर्वक कहीं गई अन्त सब लोगों का सामुहिक भोजन प्रसादी हुआ कार्यक्रम का समापन वेद मन्त्रो द्वारा किया गया।

## आचार्य दक्षता वर्ग में दिया उद्बोधन

# भारतीय शिक्षा पद्धति ने सभी क्षेत्रों में विश्व को सर्वश्रेष्ठ विद्वान दिएः श्रीराम अरावकर



**ब्यावरा।** विद्या भारती द्वारा संचालित आचार्य दक्षता वर्ग ब्यावरा में आज संवाद सत्र में विद्या भारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री श्रीराम अरावकर ने भारत का सांस्कृतिक स्वरूप विषय पर उद्बोधन दिया उन्होंने कहा भारतीय शिक्षा पद्धति ने सभी क्षेत्रों में विश्व को सर्वश्रेष्ठ विद्वान दिए हैं। भारतीय संस्कृति और दर्शन का विश्व में बड़ा प्रभाव रहा है तथा इसे सहज कर रखना और अगली पीढ़ी को हस्तांतरित करना उस पर शोध कार्य होना अति आवश्यक है भारतीय शिक्षा नीति छात्रों को भारतीय जड़ों और गौरव को बांधने का कार्य करेगी संस्कृति किसी समाज में गहराई तक व्याप्त गुणों के समग्र स्वरूप का नाम है जो उस समाज के सोचने विचारने कार्य करने के स्वरूप में अतः निहित होना है प्राचीन भारत में शिक्षा का लक्ष्य सांसारिक जीवन नहीं बल्कि आत्मज्ञान और मुक्ति देना माना गया है आज का ज्ञान अर्थ और काम का सृजन है।

## महिला के माता-पिता ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप

# पेड़ पर लटकी मिली गर्भवती महिला की लाश

**खिलचीपुर** खिलचीपुर के भूमरिया में एक नवविवाहित महिला की संदिग्ध परिसस्थितियों में मौत हो गई। वह 4 माह की गर्भवती थी। घटना मंगलवार शाम की है। बुधवार को सुबह खिलचीपुर अस्पताल में शव का मोस्टमार्डम किया । मायके पक्ष ने पति सहित ससुराल वालों पर हत्या करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। जबकि ससुराल पक्ष के लोगो का कहना है कि माया ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है । भोजपुर पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जानकारी के मुताबिक शादी के दो महीने तक सब ठीक चला । लेकिन कुछ महीने बाद मेरे भतीजी माया को उसका पति और ससुराल वाले परेशान करने लगे । कई बार उसके साथ मारपीट भी की, विवाद की खबर मिलने पर में खुद 2 से 3 बार वहां गया था । लेकिन ससुराल वालों के डर की वजह से वह हमारे साथ आने से मना कर देती थी । माया के चाचा सुल्तान के फोन पर समधी बाबूलाल के नम्बर से फोन आया ,यहां फोन माया के पति तेजमल ने लगाया था । उसने सुल्तान को फोन पर बताया की माया ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। यहां सुनते ही उसके पैरों तले जमीन खिसक गई । उसने घटना के बारे में अपने परिजनों को बताया और माया के पिता राम चन्दर , चाचा और परिवार के लोग धामन्या जोगी गांव से वाहन में सवार होकर भूमरिया पहुचे । जहा उनकी बेटी के ससुराल में घर के कमरे में माया का शव पड़ा हुआ था । माया 4 माह की गर्भवती थी । घटना के बाद मौके पर पहुचे माया के मायके वालों ने डायल 100 पर घटना की सूचना दी । जिसके बाद पपडेल पुलिस मौके पर पहुची। पपडेल चैकी प्रभारी अर्जुन सिंह ने बताया कि मंगलवार की शाम सवा 5 बजे मृत महिला माया के पति तेजमल विश्वकर्मा ने पपडेल पुलिस चैकी पर पहुंच कर बताया कि उसकी पत्नी ने घर मे फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। जब पुलिस मौके पर पहुची तो तेजमल के कमरे में उसकी पत्नी का शव पड़ा हुआ था । मर्ग कायम कर पुलिस मामले के हर पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है।

## सात दिवसीय भागवत कथा का सुदामा चरित्र के साथ हुआ समापन

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग पर भक्ति की सरिता में बहे श्रद्धालु



**राजगढ़।** स्थानीय पारायण समिति में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा में मंगलवार रात्रि व्यासपीठासीन संत द्वारा श्रीकृष्ण जन्म की कथा का मार्मिक बखान किया गया। यषोदा के घर भगवान कृष्ण के बालरूप आगमन की कथा श्रृद्धालुओं को श्रवण करवाई गई। भगवान के जन्म का प्रसंग आने पर कथा पांडाल में जन्म का उत्सव बर्थडे की तरह मनाया गया। श्रृद्धालुओं का भाव-विभोर होकर नृत्य किया एवं सभी भगवान कृष्ण की लीलाओं को मंत्रमुग्ध होकर सुनते नजर आए। जिले के आयकर अधिकारी बी.एस. मीणा भी कथा पांडाल पहुंचे और कथावाचक संतश्री नागर से आर्षिवाद लिया। गत 10 मई से आरंभ हुई कथा का गुरुवार को सुदामा चरित्र के साथ समापन हुआ। पूर्व के वर्षों में यहां रात्रि की कथा में जिस तरह सैंकड़ों भक्त आया करते थे उसी तरह इस कथा का आनंद श्रृद्धालु महिला-पुरुषों द्वारा उठाया जा रहा है।

## वैन जलकर खाक, कोई जनहानि नहीं

# चलती मारुति वैन में अचानक लगी आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर से निकलने वाले संडावता पाडल्या मार्ग पर मंगलवार रात्रि को सारंगपुर की और से संडावता की ओर जा रही मारुति वैन क्रमांक एम पी 13 बी ए 1682 में अचानक आग लग गई वैन में सवार लोगों को जैसे तैसे बाहर निकाल तथा पुलिस एवं फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई नगर पालिका के पानी के टैंकर ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक मारुति वैन जलकर खाक हो चुकी थी। हालांकि वैन में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए कोई जनहानि नहीं हुई । वही खबर लिखें जाने तक मारुति वैन चालक ने पुलिस थाने में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई, यह भी गनीमत रही की मारुति वैन में लगा गैस सिलेंडर फटा नहीं था नहीं तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

## समय पर इलाज न मिलने के चलते हुई मौत की जांच सीमा 9 मई थी, लेकिन जांच दल ही 14 मई की रात को पहुंचा माचलपुर

# सुस्त अधिकारियों के भरोसे जिले का स्वास्थ्य महकमा, जांच समय-सीमा निकलने के आठ दिन बाद जागे सीएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-माचलपुर

जब विभाग का मुखिया ही इतना सुस्त हो की कोई जांच जो 9 मई तक पूरा होना थी और उसके लिए 2 मई को टीम गठित कर दी गई थी फिर भी यदि समय सीमा के 7 दिन बाद जांच शुरू होती है तो विभाग की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगना लाजमी है। उल्लेखनीय है की लगभग बीस दिनों पहले माचलपुर अस्पताल में पदस्थ डाक्टरों द्वारा यहां के एक स्थानीय मरीज शिव मालाकार का इलाज करने से साफ इंकार कर दिया गया था। मरीज को झालावाड़ ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई थी। उक्त मामले को मीडिया द्वारा प्रमुखता से उठाया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ किरण वाडिवा द्वारा 2 मई को जांच टीम गठित कर 7 दिवस में जांच प्रतिवेदन मांगा गया था। लेकिन जांच दल द्वारा जांच की समय सीमा को ताक में रखकर निर्धारित समय सीमा से 5 दिन बाद 14 मई की रात में जांच की गई।

**2 घंटे से ज्यादा चली पूछताछ, सीएस बोले जांच प्रतिवेदन सीएमएचओ को सौंपेंगे**

### यह थे जांच दल के जिम्मेदार

डॉ नितिन पटेल, सिविल सर्जन, डॉ राजीव हरिऔध जिला क्षय अधिकारी,डॉ महेन्द्र पाल सिंह जिला एपिडिमियोलाजिस्ट और संदेश वैध। सीएमएचओं ने 2 मई को एम आदेश जारी करते हुए अगले 7 दिनों में मामले की जांच रिपोर्ट देने को कहा था परंतु सभी जिम्मेदारों ने भी न ही तो सीएमएचओ का ही आदेश माना और न ही जांच को ही गंभीरता से लिया। क्या सीएमएचओ इस लापरवाही के लिए संबंधितों पर कारण बताओं नोटिस जारी करेंगी या फिर यहां पर भी भाई भतीजा वाद चलेगा यह देखना होगा।

### क्या था मामला

माचलपुर शासकीय अस्पताल में पदस्थ डाक्टरों द्वारा मरीज का इलाज ना करने की वजह जीरापुर ब्लॉक के तत्कालीन बीएमओ द्वारा रखी गई हड़ताल रही थी। प्राथमिक उपचार ना मिलने पर झालावाड़ लेजाते समय रास्ते में मरीज शिव मालाकार की मौत हो गई थी। मरीज के परिजनों का आरोप था कि हमने माचलपुर शासकीय अस्पताल में पदस्थ दोनों डाक्टरों से इलाज की गुहार लगाई थी लेकिन प्राथमिक उपचार तो छोड़ो एक गोली भी नहीं दी गई थी। डाक्टर अमर सिंह धार्वे द्वारा इलाज से मना करने और हड़ताल पर रहने की बात का विडियो सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हुआ वहीं उक्त घटना समाचार पत्रों की भी सुर्खियां बनी थी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ किरण वाडिवा द्वारा राजगढ़ जिला अस्पताल में पदस्थ सिविल सर्जन डॉ नितिन पटेल, डाक्टर महेंद्रपाल सिंह, जिला क्षय अधिकारी डाक्टर राजीव हरिऔध सहित जीरापुर अस्पताल के लिपिक संदेश वैद्य को जांच दल में शामिल किया गया था। डाक्टर राजीव हरिऔध कहीं ट्रेनिंग में होने की वजह से सिविल सर्जन डॉ नितिन पटेल, डाक्टर महेंद्रपाल सिंह,एवं लिपिक संदेश वैद्य द्वारा माचलपुर शासकीय अस्पताल में पदस्थ डाक्टर भरत शाक्य, डाक्टर अमरसिंह धार्वे एवं मृतक के पुत्र पवन मालाकार सहित परिजनों के बयान लिए गए।





### ढाई घंटे तक चली पूछताछ

माचलपुर शासकीय अस्पताल में उक्त मामले की जांच हेतु मंगलवार 14 मई को शाम 8 बजे से लेकर रात को लगभग साढ़े दस बजे तक जांच दल के सिविल सर्जन डॉ नितिन पटेल, डाक्टर महेंद्रपाल सिंह,संगणक संदेश वैद्य एवं बीएमओ डॉ सुनील चैरसिया की मौजूदगी में बंद कमरे में सर्व प्रथम मृतक के पुत्र पवन मालाकार से पुछताछ कर उसके बयान नोट किए गए। वहीं डाक्टर अमरसिंह धार्वे एवं डाक्टर भरत शाक्य से भी पुछताछ कर दोनों के बयान नोट किए गए।

### प्रतिवेदन देंगे

हमने मृतक के पुत्र पवन मालाकार सहित डाक्टर अमरसिंह धार्वे एवं डाक्टर भरत शाक्य के बयान लिए हैं। हम तो सीएमएचओ को प्रतिवेदन सौंप देंगे।

**डाक्टर नितिन पटेल ,सिविल सर्जन राजगढ़**